## वार्षिक प्रतिवेदन

आदरणीय मुख्य अतिथि डॉ. गुरदियाल सिंह जी, सेवानिवृत प्राचार्य परकार बन्धु, आमन्त्रित गणमान्य अतिथिगण व सम्मानित सहयोगी वृन्द तथा प्रिय विद्यार्थियों, आप सभी का महाविद्यालय के 51वें वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में सादर अभिनन्दन एवं स्वागत है।

आज हमारे मध्य डॉ. गुरदियाल सिंह जी को पाकर हम गौरवान्वित अनुभव कर रहे हैं। महोद्य ! आप जैसे प्रतिभावान व्यक्तित्व से सभी परिचित हैं तथापि मैं उपस्थित जनसमुदाय से आपका परिचय करवाना अपना पुनीत कर्त्तव्य समझता हूँ। डॉ. गुरदियाल सिंह जी का जन्म 6 जनवरी 1956 को फतेहाबाद जिले के मोहम्मदपुररोही गाँव में हुआ। आप अपने छात्र जीवन से ही सरल, सौम्य, परिश्रमी एवं मेधावी छात्र रहे हैं। आपने अपनी स्नातक की परीक्षा राजकीय महाविद्यालय, हिसार से तथा स्नातकोत्तर की परीक्षा पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला से रक्षा अध्ययन विषय में पूर्ण की। इसके उपरांत आपने रक्षा अध्ययन विषय में पी0एच0डी0 की उपाधि भी ग्रहण की। तत्पश्चात आपका चयन सन् 1979 में राजकीय महाविद्यालय, हिसार में रक्षा अध्ययन के प्राध्यापक पद पर हुआ। आपने राजकीय महाविद्यालय, हिसार के अतिरिक्त हरियाणा के अन्य महाविद्यालयों में भी अपनी सेवायें प्रदान की। वर्ष 2009 में आपकी प्राचार्य के पद पर पदोन्नति उपरांत आपने रतिया, लौहारू तथा हांसी के महाविद्यालयों में कार्य किया। आपने दिनांक 29.04.2010 को प्राचार्य के रूप में राजकीय महाविद्यालय, हांसी में कार्यभार ग्रहण किया और लगभग 4 वर्ष 7 महीने की सफल सेवाकाल के पश्चात् दिनांक 30.11.2014 को आप प्राचार्य के पद से सेवानिवृत हुए।

महोदय ! आप एक सफल प्राचार्य होने के साथ-साथ एक विख्यात शिक्षाविद एवं कुशल प्रशासक भी रहे हैं। शिक्षा के प्रति आपकी रूचि एवं जनसामान्य से स्नेह के कारण आपने हमारे निमन्त्रण को स्वीकार कर हमारे मध्य उपस्थित होकर हमें कृतार्थ किया है। मैं अपने और महाविद्यालय परिवार की ओर से पुन: आपका हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत करता हूँ।

**महाविद्यालय परिचय :-**

हरियाणा राज्य की इस गौरवमयी एवं प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था की स्थापना वर्ष 1968 में नेहरू मेमोरियल एजुकेशन सोसायटी हांसी द्वारा की गई। 15 फरवरी 1980 को हरियाणा सरकार ने इसका अधिग्रहण कर लिया, 1 सितम्बर 1988 से वर्तमान भवन में कक्षाओं का शुभारंभ हुआ। महाविद्यालय में प्रयोगशालाओं सहित कुल 81 कमरें हैं तथा एक बहुउद्देशीय हाल है। महाविद्यालय में 11 स्मार्ट क्लास रूम है जिनमें E-content के माध्यम से पढ़ाया जाता है। 15 आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशालाएं है। महाविद्यालय में एम0.कॉम, बी0.ए0., बी0.कॉम, बी0.सी0.ए0., बी0.एस0.सी0 (नॉन मैडिकल)., बी0.एस0.सी0 (ऑनर्स)., पी0जी0डी0सी0ए0 एंव P.G Diploma in Yoga and Mental Health के पाठ्यक्रम हैं जिनमें विद्यार्थियों की कुल संख्या 1900 है। जिनमें 1134 छात्र तथा 766 छात्राएं हैं। आज महाविद्यालय में प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाओं के 70 पद स्वीकृत है जिसमें 32 नियमित प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाएं व 28 एक्सटैंशन लैक्चरर कार्यरत है तथा कार्यालय स्टाफ में 15 कर्मचारी नियमित व 15 कर्मचारी अनुबंध आधार पर कार्यरत हैं।

**शैक्षणिक उपलब्धियाँ-**

अपनी शानदार परम्पराओं को कायम रखते हुए विगत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय परीक्षाओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया। सत्र 2021-22 के दौरान विश्वविद्यालय परीक्षाओं के परिणामों के आधार पर महाविद्यालय की छात्राओं मानसी व दीपिका अरोड़ा PGDCA ने विश्वविद्यालय में क्रमश: प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करके महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया, इसी प्रकार BCA द्वितीय वर्ष की मीनाक्षी व हिना ने विश्वविद्यालय में क्रमश: प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करके महाविद्यालय का मान बढ़ाया। इसके लिए महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी बधाई के पात्र हैं।

**सांस्कृतिक गतिविधियाँ :-**

सत्र के दौरान महाविद्यालय में 19 व 20 अक्तूबर 2022 को प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नृत्य, गायन, प्रश्नोत्तरी, रंगोली, पेंटिग, कविता पाठ आदि 11 प्रतियोगिताएं करवाई गई। जिसमें महाविद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया। कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय रत्नावली समारोह में महाविद्यालय की 10 टीमों ने भाग लिया। जिसमें हरियाणवी लोक परिधान प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र जतिन B.Com 3rd ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

28 नवम्बर 2022 से 01 दिसम्बर 2022 को विश्वविद्यालय युवा समारोह का आयोजन गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में हुआ। जिसमें महाविद्यालय की 10 टीमों ने भाग लिया। जिसमें महाविद्यालय के छात्रों द्वारा सराहनीय प्रदर्शन करते हुए जतिन B.Com 3rd ने Mimicry में प्रथम स्थान, उर्दू कविता में अफसाना B.A 2nd ने द्वितीय स्थान व सांग की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। उपरोक्त सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए इंचार्ज प्रो0 किशनपाल व समस्त टीम बधाई की पात्र है।

**खेल-कूद गतिविधियां :-**

गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी खेल-कूद गतिविधियों में महाविद्यालय का प्रदर्शन शानदार रहा है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने खेल-कूद में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है तथा महाविद्यालय का नाम रोशन किया। सत्र 2022-23 में महाविद्यालय की विभिन्न खेलों की टीमों का प्रदर्शन इस प्रकार रहा।

**कराटे**

दिनांक 25 मई से 30 मई 2022 में नेपाल के काठमांडू शहर में अतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता 8th MT Everest International Karate Championship का आयोजन किया गया। जिसमें हमारे महाविद्यालय में योगा डिप्लोमा की छात्रा दीपशिखा ने भाग लिया व अपने भार वर्ग में प्रथम स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। दिनांक 17 जनवरी से 29 जनवरी तक अटल बिहारी वाजपई विश्वविद्यालय बिलासपुर में अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता बिलासपुर में अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें राजकीय महाविद्यालय हांसी के 04 कराटे खिलाड़ी पुरूप वर्ग में नीतीश बी.ए. द्वितीय वर्ष, हरभजन बी0ए0 द्वितीय वर्ष, अमित बी.ए. तृतीय वर्ष व विनय बी.ए. प्रथम व र्ा व महिला वर्ग में आंचल बी.ए. प्रथम वर्ष ने भाग लिया व विनय बी.ए. प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान हासिल करके विश्वविद्यालय व महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

**योगा**

दिनांक 6 से 8 सितंबर 2022 में उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा राजकीय महाविद्यालय गुरूग्राम सेक्टर 9 में इंटर कॉलेज स्टेट योगा मैन एंड वुमन चैंपियनशिप आयोजित की गई। जिसमें राजकीय महाविद्यालय हांसी की दोनों वर्गो में टीम ने भाग लिया व महिला वर्ग में तृतीय स्थान हासिल किया।

दिनांक 29 सितंबर से 12 अक्टूबर 2022 में 36वीं नेशनल गेम्स गुजरात में आयोजित हुए। जिसमें महाविद्यालय की बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा भतेरी ने भाग लिया व दो व्यकितगत प्रतिस्पर्धा में द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया।

दिनांक 28 नवंबर 2022 को डी.एन. कॉलेज हिसार में गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय की अंत: विश्वविद्यालय योगा प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें महाविद्यालय की महिला व पुरूप वर्ग टीम ने भाग लिया व महिला वर्ग टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय में पुरूप वर्ग टीम के 4 व महिला वर्ग के 2 खिलाड़ी ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी योगा के लिए चयनित हुए। जो कि दिनांक 26 से 29 दिसंबर 2022 को उड़ीसा में आयोजित हुई। जिसमें जी.जे.यू. की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस टीम में महाविद्यालय के चार खिलाड़ी थे और इस टीम में महाविद्यालय के इन खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में व्यक्तिगत प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। राम गोस्वामी, प्रवीण, अमित व चेतन नामक खिलाड़ियों की उपलब्धि ने विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय का नाम पूरे देश में रोशन किया है।

**क्रॉस कंट्री**

दिनांक 21 नवंबर 2022 को गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय हिसार के खेल स्टेडियम में इंटर कॉलेज क्रॉस कंट्री पुरूष वर्ग का आयोजन किया गया। जिसमें राजकीय महाविद्यालय हांसी की टीम ने प्रथम स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के खिलाड़ी रोशन कुमार का अंत विश्वविद्यालय क्रॉस कंट्री के लिए चयन किया गया।

**वॉलीबॉल**

दिनांक 1 से 2 दिसंबर 2022 को गुरू जंम्भेश्वर विश्वविद्यालय हिसार की इंटर कॉलेज वॉलीबॉल महिला व पुरूष प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय महाविद्यालय हिसार में किया गया। जिसमे राजकीय महाविद्यालय हांसी की पुरूष व महिला वर्ग की टीम ने भाग लिया व महिला वर्ग में टीम तृतीय स्थान प्राप्त कर राजकीय महाविद्यालय हांसी का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में कुमारी मीना कुमारी तन्नु को नार्थ जोन इंडिया इंटर विश्वविद्यालय के लिए चयनित किया गया। दिनांक 18 से 21 दिसंबर 2022 में चितकारा विश्वविद्यालय हिमाचल में आयोजित नॉर्थ जोन व इंटर विश्वविद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कुमारी मीना व तन्नु ने भाग लिया।

एथलेटिक्स

दिनांक 5 से 6 दिसंबर 2023 को गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय हिसार के खेल मैदान में विश्वविद्यालय की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की पुरूष टीम ने भाग लिया व ओवरआल द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिसमें 400 मीटर हर्डल – रोशन बी.ए. प्रथम वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

400 मीटर रेस – तेजवीर बी0ए0 प्रथम वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

4x100 मीटर रिले में तेजवीर, दीपक, मुबारक व अशोक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

4x400 मीटर रिले मे अशोक, तेजवीर, प्रिंस, अनुज की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

800 व 1500 मीटर में नवदीप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा ट्रिपल जंप में राहुल बी.ए. तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त करके महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

. शतरंज

दिनांक 30 नवंबर से 1 दिसंबर 2022 तक गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में इंटर कॉलेज चेस् (M&W) टूर्नामेंट आयोजित किया गया। जिसमें राजकीय महाविद्यालय हांसी की महिला व पुरूष दोनों वर्गो ने भाग लिया व महिला वर्ग टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में नॉर्थ जोन इंटर विश्वविद्यालय के Selection Trial में महाविद्यालय पुरूष वर्ग से संदीप तथा महिला वर्ग से मोनिका का चयन हुआ। दोनों खिलाड़ियों ने दिनांक 7 फरवरी 2023 से 9 फरवरी 2023 तक महिला वर्ग के और 13 फरवरी 2023 से 15 फरवरी 2023 तक पुरूष वर्ग के दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित हुए। North Zone Inter University में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।

जूडो

दिनांक 16/11/2022 से 18/11/2022 तक एम.के.जे.के. रोहतक में इंटर कॉलेज स्टेट जूडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के योग डिप्लोमा विद्यार्थी सुरेंद्र कुमार ने भाग लिया व अपने भार वर्ग प्रथम स्थान हासिल किया।

दिनांक 05/12/2022 को गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में ऑल इंडिया इंटर विश्वविद्यालय जूडो के ट्रायल आयोजित किये गए। जिसमें महाविद्यालय के 2 विद्यार्थियों का चयन हुआ और सुरेंद्र व मोहित ने एल पी यू विश्वविद्यालय जालंधर में 2 से 6 जनवरी तक आयोजित ऑल इंडिया इंटर विश्वविद्यालश्य जूडों में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।

. कबड्डी

दिनांक 23/11/2022 को सी.आर.एम. जाट कॉलेज हिसार में इंटर कॉलेज कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की टीम ने भाग लिया व अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन दिया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र मोहित का नॉर्थ जोन इंटर विश्वविद्यालय कबड्डी के लिए चयन किया गया। जो कि 6 से 7 दिसंबर 2022 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित हुई।

. कुश्ती

दिनांक 25 दिसंबर 2022 में All India Inter University Wristling के लिए ट्रायल आयोजित हुए। जिसमें महाविद्यालय के 2 खिलाड़ियों का चयन किया गया। जोकि 27 से 31 जनवरी 2023 में एस.वी. कोल्हापुर एस.बी.पी.यू. पुणे विश्वविद्यालय में आयोजित हुई। जिसमें हमारे खिलाड़ियों ने विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।

इन सभी उपलब्धियों के अलावा इस सत्र में महाविद्यालय ने इंटर कॉलेज कराटे चैंपियनशिप का आयोजन करवाया और दिनांक 24 व 25.02.2023 को राजकीय महाविद्यालय, हांसी की 41वीं वार्षिक खेल–कूद प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। इस प्रतियोगिता मे पुरू। वर्ग में बेस्ट एथलीट तेजवीर व महिला वर्ग में बेस्ट एथलिट कुमारी तमन्ना रही। इन सभी के लिए शारीरिक शिक्षा की प्राध्यापिका डॉ. रजनी सैनी बधाई की पात्र है।

**राष्ट्रीय सेवा योजनाः-**

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत 100–100 स्वयं सेवकों की दो ईकाइयां कार्यरत है। जिसमें महिला वर्ग में श्रीमती सुशीला, सहायक प्रोफेसर वाणिज्य विभाग एवं पुरू। वर्ग में श्री धर्मवीर, सहायक प्रोफेसर भूगोल विभाग कार्यक्रम अधिकारी अपना–अपना कार्य सफलतापूर्वक कर रहे है।

एन.एस.एस. के स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय प्रांगण में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया जिसके दौरान महाविद्यालय में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने संविधान दिवस, हर घर तिरंगा, राष्ट्रीय युवा दिवस, सांप्रदायिक सद्भावना दिवस, राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्रांगण में किया गया। इसके अतिरिक्त गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय

द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिविर और कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय और चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय, हिसार द्वारा आयोजित नेशनल इंटीग्रेशन शिविर में भाग लेकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

एन.एस.एस. की दोनों युनिटों द्वारा सात दिवसीय एक कैंप का आयोजन फरवरी 2023 माह में दिनांक 13.02.2023 से 19.02.2023 के दौरान किया गया। उद्घाटन समारोह में पिछले 28 वर्षों से चपड़ासी के पद पर कार्यरत श्रीमती ओमपती ने ध्वजा रोहण किया। इस कैंप के दौरान स्वयंसेवकों ने गांव दयाल सिंह कॉलोनी में जाकर थीम सर्व शिक्षा अभियान पर्यावरण स्वच्छता, पौधा रोपण, नशा मुक्ति, साइबर क्राइम, बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं आदि अनेक विषयों पर बहुत सारे कार्यक्रम करवाए। उपरोक्त कार्यक्रमों में 83000 की राशि खर्च की गई।

**एन.सी.सी :-**

महाविद्यालय में एन.सी.सी. आर्मी विंग की एक प्लाटून 11 हरियाणा बटालियन भिवानी के अन्तर्गत कार्यरत है, जिसमें कुल 58 कैडेट को एनरोल किया गया है। एन.सी.सी. कैडेट को वर्ष भर में प्रशिक्षण देने हेतु 35 परेड का आयोजन करवाया गया, जिसमें ड्रिल, शस्त्र प्रशिक्षण सेनाओं का संगठन, युद्ध कौशल, मानचित्र अध्ययन, राष्ट्रनिर्माण आपदा प्रबंधन, नेतृत्व व समाज सेवा जैसे विषयों के बारे में बताया गया। दिनांक 22 जुलाई से 31 जुलाई 2021 तक हमारे 22 कडैटस ने ATC Camp निमडीवाली जिला भिवानी में भाग लिया जिसमें हमारे कडैटस का दबदबा रहा। सारजेंट हर्षिता ने नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। केडेट कशक ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर ऑफिसर मोहित को बेस्ट केडेट घोषित किया गया। दिनांक 13 अगस्त 2022 से 22 अक्तुबर 2022 तक श्री सोमबीर, सहायक प्रोफेसर भौतिकी ने चee Commission Course, Officer Training Academy Kamptee (Nagpur) में भाग लिया और इन्होंने सैन्य प्रशिक्षण लेते हुए Mid-Term written परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया, अपने Physical Tests excellent category में पास करके 480 प्रतिभागियों में 12वां स्थान प्राप्त किया, 25 अक्तुबर 2022 को उन्हें लैप्टिनेंट के पद से नवाजा गया। दिनांक 15 अगस्त, 2022 को स्वतंत्रता दिवस पर शहीद स्टेडियम में उप मण्डल स्तर पर पुलिस फोर्स के साथ परैड में भाग लिया। दिनांक 16 सितम्बर 2022 से 30 सितम्बर 2022 तक हमारे 5 कैडेटस ने Irmy Attachment Camp Abhohar Shree Ganganagar, Rajasthan में भाग लिया। दिनांक 7 नवम्बर 2022 से 14 नवम्बर 2022 तक Under Officer Ravinder ने All India Trekking Expedition Uttar Pradesh 2022 में भाग लिया और वहां Drama Competition में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दिनांक 26 जनवरी, 2023 को गणतंत्र दिवस पर शहीद स्टेडियम में उप मण्डल स्तर पर पुलिस फोर्स के साथ परैड में भाग लिया इसके लिए महाविद्यालय के NCC अधिकार लैप्टिनेंट सोमबीर, NCC स्टाफ व सभी NCC कडैटस बधाई के पात्र है।

**रेड रिबन कल्ब :-**

- रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में दिनांक 12 अगस्त 2022 को अंर्तराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय महाविद्यालय, हांसी महाविद्यालय स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 12 विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा 2 विजेताओं को जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के लिए नामांकित किया गया।
- रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में दिनांक 12 अगस्त 2022 को अंर्तराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में AIDS/HIV की जागरूकता के लिए राजकीय महाविद्यालय, हांसी "Teach AIDS" Documentary दिखाई गई। इस अवसर पर 195 विद्यार्थी एवं 11 शिक्षक उपस्थित रहे।
- रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में दिनांक 15 अगस्त 2022 को अंर्तराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में "Human Chain एवं रैली का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के क्रमशः 90 विद्यार्थी एवं 70 विद्यार्थी व 22 शिक्षकों ने भाग लिया।
- रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में दिनांक 28 सितम्बर 2022 को नागरिक अस्पताल, हिसार द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के 02 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कुल 19 टीमों में से राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने 7वां स्थान प्राप्त किया।
- दिनांक 01 दिसम्बर 2022 को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के 300 से अधिक विद्यार्थियों व प्राध्यापकों ने एक मानव श्रृंखला बनाई तथा एड्स बचाव हेतु जागरूकता संदेश दिया।
- 11 दिसम्बर 2022 को विद्यार्थियों को Teach AIDS Documentary Film दिखाई गई, जिसमें महाविद्यालय के लगभग

200 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

- 15 दिसम्बर 2022 को महाविद्यालय के 15 विद्यार्थियों द्वारा Tree Decoration प्रतियोगिता में एड्स जागरूकता से सम्बंधित स्लोगन व पोस्टर तैयार किये गये। इसके लिए सहायक प्रोफैसर श्री विजय कुमार यादव बधाई के पात्र है।

**महिला प्रकोष्ठ :-**

गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी महिला प्रकोष्ठ द्वारा निम्न गतिविधियाँ करवाई गई।

1. दिनांक 20.09.2022 को महाविद्यालय स्तरीय नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 10 विद्यार्थियों और 10 प्राध्यापकों ने भाग लिया।
2. दिनांक 20.09.2022 को महाविद्यालय स्तरीय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 13 विद्यार्थियों और 07 प्राध्यापकों ने भाग लिया।
3. दिनांक 12.10.2022 को महाविद्यालय स्तरीय मैहंदी रचाओं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 30 विद्यार्थियों और 15 प्राध्यापिकाओं ने भाग लिया।
4. दिनांक 16.11.2022 को महाविद्यालय स्तरीय एक्सटेंशन लैक्चर का आयोजन किया गया जिसमें 105 विद्यार्थियों और 08 प्राध्यापकों ने भाग लिया। इस लैक्चर में महिला स्वास्थ्य व अन्य लाभप्रद जानकारियां दी गई।

दिनांक 28.11.2022 से 30.11.2022 को महाविद्यालय स्तरीय तीन दिवसीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 83 विद्यार्थियों और 07 प्राध्यापकों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं को अलग-2 प्रकार के पकवान बनाने सिखाये गये जैसे पीज्जा, चाऊमीन, नारियल की बर्फी सैंडवीच इत्यादि। समाज में महिलाओं के संरक्षण, अधिकारों, दहेज उत्पीड़न, लिंग भेद एवं भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराईयों के प्रति छात्राओं को जागरूक करने में महिला प्रकोष्ठ पूरे शिक्षा सत्र प्रयासरत रहा। इसके लिए महिला प्रकोष्ठ प्रभारी कुमारी भतेरी बधाई की पात्र है।

**कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमैंट सैल:-**

महाविद्यालय के विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं रोजगारोन्मुख जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए प्लेसमैंट सैल कार्यरत है। इसके प्रभारी श्री अजमेर सिंह है। सैल के माध्यम से समय-समय पर अनेक गतिविधियां संचालित की जाती है। प्लेसमेंट सेल द्वारा दिनांक 11 अप्रैल, 2022 को एक स्टॅाटअप जागरूकता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें Sh. Dharmvir, Director SACC, Hisar ने विद्यार्थियों को स्टॅाटअप से सम्बंधित अपने सम्बोधन में महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की। इसके लिए श्री अजमेर सिंह सहित सम्पूर्ण प्लेसमैंट सैल बधाई की पात्र है।

**शैक्षणिक भ्रमण :-**

महाविद्यालय में विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन एवं बौद्धिक विकास के लिए उन्हें ऐतिहासिक एवं दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करवाने के लिए महाविद्यालय में कमेटी गठित की गई है जिसके प्रभारी श्री कर्मवीर सिंह सिंहाग तथा डॉ. सुशीला देवी है। इस शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों के 48 सदस्यीय दल ने डॉ. बंता सिंह जांगड़ा एवं श्री सत कुमार के नेतृत्व में दिनांक 06.10.2022 से 09.10.2022 तक देहरादून, मंसूरी एवं निकटवृति स्थलों का भ्रमण करके वहां की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत की जानकारी प्राप्त की।

**मैरिट स्कोलरशिपः-**

श्रीमती प्रिंयका, सहायक प्रोफेसर कम्प्यूटर की अध्यक्षता में मैरिट स्कॉलरशिप का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। Haryana State Meritorious Incentive Scheme के अन्तर्गत बी0ए0, बी.एस.सी., बी.सी.ए., बी. कॉम. व एम. कॉम कक्षा उत्तीर्ण करने वाले क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 5,10,000/- रू की छात्रवृति प्रदान की जानी है। Haryana State Merit Scholarship to Under Graduate Girls Students के तहत छात्राओं को 39,000/- रूपये की छात्रवृति प्रदान की जानी है। Merit Scholarship to UG/PG Students के तहत विद्यार्थियों को 39,600/- रूपये की छात्रवृति प्रदान की जानी है। National Scholarship Portal पर Central Sector Scheme of Scholarship to College & University Students के तहत विद्यार्थियों को 3,00,000/- रूपये की छात्रवृति प्रदान की गई है। महाविद्यालय में बी.एस.सी. की छात्रा रिम्पी को POSE Scholarship के अर्न्तगत 4000 रूपये प्रतिमाह तीन वर्ष के लिए छात्रवृति प्रदान की जानी है।

**लीगल लिटरेसी सैल (कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ)**

लीगल लिटरेसी सैल श्रीमती बबीता चौधरी, सहायक प्रोफैसर, राजनीतिशास्त्र के अध्यक्षता में वर्ष भर कार्यरत रही। इसके अन्तर्गत 04 फरवरी 2023 को एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसके लिए सम्पूर्ण परिषद् बधाई की पात्र है।

महाविद्यालय में विभिन्न परिषद कार्यरत है:-

**संस्कृत साहित्य परिषद:-**

संस्कृत भाषा साहित्य परिषद जोगिन्द्र सिंह एंव श्री कर्मबीर सिहाग के कुशल नेतृत्व में वर्ष भर कार्यरत रही। संस्कृत साहित्य परिषद् के तत्वाधान में अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसके अर्न्तगत संस्कृत-प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, संस्कृत-निबन्ध लेखन एंव श्लोकोच्चारण प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इन सबके लिए सम्पूर्ण परिषद् बधाई की पात्र है ।

**हिन्दी साहित्य परिषद:-**

हिन्दी साहित्य परिषद श्री जोगिन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व में वर्ष भर कार्यरत रही। इस परिषद के अन्तर्गत दिनांक 05.09.2022 को महाविद्यालय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता, दिनांक 31.10.2022 को महाविद्यालय स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, दिनांक 14.11.2022 को महाविद्यालय स्तरीय कविता पाठ प्रतियोगिता, दिनांक 13.02.2023 को महाविद्यालय स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं दिनांक 13.02.2023 को महाविद्यालय स्तरीय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन सबके लिए परिषद बधाई की पात्र हैं ।

**अंग्रेजी साहित्य परिषद :-**

अंग्रेजी साहित्य परिषद श्री कर्मवीर सिंह के कुशल नेतृत्व में वर्ष भर कार्यरत रहीं इस परिषद के अन्तर्गत समय-समय पर विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में आयोजित भाषण, कविता पाठ, निबन्ध प्रतियोगिता में भाग लिया। इन सबके लिए परिषद बधाई की पात्र हैं ।

**कम्प्यूटर साईंस परिषद :-**

गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी डॉ. बन्ता सिंह जांगड़ा के निर्देशन में कम्प्यूटर परिषद द्वारा 15 नवम्बर 2022 को महाविद्यालयी स्तर पर E-poster Making Competition का आयोजन किया गया, दिनांक 06 दिसम्बर 2022 को महाविद्यालयी स्तर पर Inter Class Science Exhibition कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन सभी गतिविधियों के सफलतापूर्वक संचालन के लिए परिषद बधाई की पात्र है।

**गणित परिषद:-**

गणित परिषद श्री धनेश कुमार के कुशल नेतृत्व में वर्ष भर कार्यरत रही। महाविद्यालय के गणित विभाग में दिनांक 27 सितम्बर 2022 को पोस्टर प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 40 टीम और 8 अध्यापकों ने भाग लिया, दिनांक 21 फरवरी 2023 को पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण का आयोजन किया गया जिसमें 09 टीमों ने भाग लिया। इसके लिए महाविद्यालय का गणित परिषद बधाई के पात्र है।

**भूगोल परिषद :-**

सत्र 2022-23 के दौरान दिनांक 16 सितम्बर 2022 को महाविद्यालय की भूगोल विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना व नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर द्वारा महाविद्यालय में पोस्टर मेकिंग और निबंध लेखन प्रतियोगिता करवाई गई, दिनांक 17 अक्तुबर 2022 को विभाग द्वारा भूगोल क्विज टीम के चयन के लिए एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, दिनांक 3 दिसम्बर 2022 को महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा एक भूगोल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा महाविद्यालय के भूगोल विभाग के छात्रों ने दिनांक 09 दिसम्बर 2022 को नेशनल कॉलेज, सिरसा द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लिया। 01 मार्च 2023 को राजकीय महाविद्यालय, हांसी में अंतर महाविद्यालय भूगोल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके लिए डॉ. राज कुमार सहित परिषद बधाई की पात्र है।

**मनोविज्ञान परिषद :-**

गत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी डॉ. अल्का के निर्देशन में मनोविज्ञान विभाग द्वारा कई गतिविधियां करवाई गई। इस वर्ष भी मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह मनाया गया जिसमें कई गतिविधियां सम्पन्न करवाई गई जिनका मुख्य लक्ष्य मनोवैज्ञानिक समस्याओं के प्रति जागरूकता फैलाना था। इसके अतिरिक्त अंर्तराष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम दिवस भी मनाया गया जिसमें युवा पीढ़ी में बढ़ रहे तनाव और उसके कारण बढ़ रही आत्महत्याओं को रोकने के लिए उपाए व सुझाव बताए गये। इसके लिए परिषद बधाई की पात्र है ।

**वाणिज्य परिषद :-**

महाविद्यालय के वाणिज्य परिषद के तत्वाधान में दिनांक 10 अक्तुबर 2022 को पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें 24 प्रतिभागितयों ने शानदार पोस्टरों की प्रस्तुती दी व दिनांक 06.04.2023 को राजकीय महिला महाविद्यालय, हिसार द्वारा आयोजित क्विज प्रतियोगता में भाग लिया और प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके लिए परिषद बधाई की पात्र है ।

**अर्थशास्त्र परिषद :-**

अर्थशास्त्र विभाग की ओर से दिनांक 01.10.2022 को गाँधी जयन्ती

के उपलक्ष में एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके लिए परिषद बधाई की पात्र है।

**विज्ञान परिषद :-**
भौतिकशास्त्र एवं रसायनशास्त्र परिषद वर्ष भर कार्यरत रहे। रसायनशास्त्र व भौतिकशास्त्र विभाग द्वारा Poster Presentation Competition, Essay Writing Competition, Quiz Competition, Poster Making Competition, Magic of Science & Science Exhibition आदि का आयोजन करवाया गया। इसके लिए विज्ञान परिषद बधाई की पात्र है।

**राजनीतिशास्त्र परिषद :-**
महाविद्यालय के राजनीतिशास्त्र विभाग की ओर से दिनांक 01.10. 2022 को गाँधी जयन्ती के उपलक्ष में एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके लिए परिषद बधाई की पात्र है।

**Internal Quality Assurance Cell (IQAC) :-**
सरकार के आदेशानुसार महाविद्यालय में गुणवत्ता के विकास के लिए प्राचार्य की अध्यक्षता में IQAC कार्यरत है। जिसमें महाविद्यालय के पांच प्राध्यापक, भूतपूर्व विद्यार्थी, वर्तमान विद्यार्थी, शहर के गणमान्य व्यक्तियों को मिलाकर 21 सदस्य है जो महाविद्यालय में विभिन्न प्रकार की शैक्षणिक, सांस्कृतिक खेल-कूद सम्बन्धी तथा कार्यरत प्राध्यापकों व कर्मचारियों के विकास के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का संचालन करती है। IQAC द्वारा महाविद्यालय में कार्यरत प्राध्यापकों के वार्षिक API प्रोफोर्मा को वैरिफाई करने का कार्य किया जाता है तथा उससे सम्बंधित रिकॉर्ड संरक्षित किया जाता है।

. IQAC द्वारा नये सत्र में दाखिल हुए विद्यार्थियों के लिए एक ओरियंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को महाविद्यालय में वर्ष भर होने वाली गतिविधियों, समय सारिणी, अनुसाशन, अन्य सामान्य व उपयोगी जानकारी प्रदान की गई।

. IQAC द्वारा दिनांक 06 अक्तुबर 2022 को महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों के लिए एक वर्कशॉप का आयोजन करवाया गया। जिसमें श्री नरेन्द्र कुमार, प्रोजैक्ट एसोसिएट महात्मा गाँधी नेशनल काऊंसिल ऑफ रूरल ऐजूकेशन द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 और सतत् पो णीय विकास के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

. IQAC द्वारा दिनांक 20 दिसम्बर 2022 को महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों के लिए एक वर्कशॉप का आयोजन करवाया गया। जिसमें श्री शिव कुमार और श्री विजय कुमार यादव, IQAC सदस्य द्वारा Micro Soft Excel के आधारभूत नियमों के बारे में महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों को जानकारी दी गई।

. IQAC द्वारा 20 मार्च 2023 को महाविद्यालय के प्राध्यापकों के लिए एक Extension Lecture का आयोजिन किया गया। जिसका विषय था "Fake News Identification & Remedies" जिससे महाविद्यालय के 57 प्राध्यापक लाभान्वित हुए। इस लैक्चर में गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर उमेश आर्या ने Resource Person की भूमिका निभाई।

उपरोक्त उपलब्धियों के लिए IQAC के प्रभारी डॉ. राजकुमार यादव सहित पूरी टीम बधाई की पात्र है।

**अर्नव्हाईल यू लर्न (सीखो और कमाओ) :-**
उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों के लिए अर्नव्हाईल यू लर्न स्कीम चलाई जाती है जिसमें भाग लेकर विद्यार्थी पढाई के साथ-साथ खाली समय में महाविद्यालय की प्रयोगशालाओं पुस्तकालय, कार्यालय आदि में कार्य करके 100/- रूपए प्रति घण्टा की दर से रूपए अर्जित कर सकता है। इस स्कीम के अन्तर्गत इस सत्र के दौरान उच्चत्तर शिक्षा विभाग द्वारा 70,000/- रूपए की राशि स्वीकृत की गई तथा महाविद्यालय के 37 विद्यार्थी लाभांवित हुए। इस कार्य के सफल कार्यान्वयन के लिए डॉ. सुमन मलिक बधाई की पात्र हैं।

**बर्सर :-**
श्री सुरेन्द्र, सहायक प्रोफैसर वाणिज्य महाविद्यालय में बर्सर का कार्य कुशलतापूर्वक कर रहे है

**महाविद्यालय पत्रिका :-**
छात्रों के बौद्धिक विकास के लिए महाविद्यालय द्वारा पत्रिका 'तीज' प्रतिवर्ष प्रकाशित की जाती है।

**कार्यालय :-**
महाविद्यालय के कार्यालय में सभी कर्मचारी अपना-अपना कार्य नियमित व पूरी निष्ठा से निभा रहे है।

**नियुक्तियाँ एंव स्थानान्तरण :-**
वर्तमान सत्र में श्री सुशील कुमार, एक्टेंशन लैक्चरर कम्प्यूटर विभाग, श्री सुरेन्द्र कुमार, एक्टेंशन लैक्चरर कम्प्यूटर विभाग, डॉ. रहमान खान, एक्टेंशन लैक्चरर गणित विभाग ने नियुक्ति प्राप्त करके कार्यभार ग्रहण किया है। इसके अतिरिक्त श्री युद्धबीर सिंह, जे.एल.

ए., श्री विरेन्द सिंह, जे.एल.ए. व श्री सुरेश कुमार एल.ए. ने तबादले उपरांत नियुक्ति प्राप्त करके कार्यग्रहण किया है।

**व्यक्तिगत उपलब्धियाँ :-**

- भूगोल विभाग के एसोसिएट प्रोफैसर डॉ. राज कुमार ने दिनांक 16.11.2022 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में NAAC की दिवसीरय कार्यशला में भाग लिया तथा दिनांक 05.12.2022 को मानव संसाधन विकास मंत्रालय तथा उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा आयोजित ALL India Survey on Higher Educatin के एक दिवसीय Training Program में भाग लिया। इन्होंनें इंदिरा गांधी नेशनल ओपन विश्वद्यिालय द्वारा 20 जनवरी से 29 जनवरी 2023 तक आयोजित Professional Development Programme on 'Implementation वf NEP 2020 for University & College Teachers' में भाग लेकर A ग्रेड के साथ सफलतापूर्वक पूरा किया तथा दिनांक 28 फरवरी 2023 को राजकीय महिला महाविद्यालय, हिसार में आयोजित नेशनल वर्कशॉप में भाग लिया।
- कम्प्यूटर विभाग के सहायक प्रोफैसर डॉ. बन्ता सिंह जांगड़ा द्वारा दो शोध पत्र अंर्तराष्ट्रीय पत्रिका में प्रकाशित हुए, एक शोध पत्र राष्ट्रीय सैमीनार में प्रस्तुत किया इसके अतिरिक्त उन्होंने सात दिवसीय STC कोर्स HRDC, Shimla तथा सात दिवसीय PDP NEP. 2020 कोर्स में भाग लिया।
- कम्प्यूटर विभाग के सहायक प्रोफैसर डॉ. सुमन मलिक ने दिनांक 09.12.2022 को राजकीय महिला महाविद्यालय, हिसार में होने वाले National Seminar में "Security Challenges पद Internet of Thing" के विपय पर पेपर प्रस्तुत किया, दिनांक 24 व 25.12. 2022 को 31st Haryana State Masters Athletic Championship में होने वाली 100 मी0, 200 मी0 व 400 मी0 के दौड़ में गोल्ड मेडल हाँसिल किया। इनका एक शोध पत्र Peer Reviewed of Recessed Indexed Multidisciplinary International Research Journal में प्रकाशित हुआ तथा इन्होंने कुमायू विश्वविद्यालय, नैनीताल में आयोजित ऑनलाईन Short Term Course on Gender Studies में दिनांक 02.03.2023 से 10.03.2023 तक भाग लिया।
- वाणिज्य संकाय के सहायक प्रोफेसर श्री शिव कुमार ने दिनांक 07 फरवरी 2023 को राजकीय महाविद्यालय, खेड़ी गुजरान में एक शोध पत्र प्रस्तुत किया व दिनांक 09 और 10 फरवरी 2023 को हरियाणा स्कूल ऑफ विजनेस में शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- विस्तार व्याख्याता डॉ० हनी सेठी एवं डॉ० तमन्ना रानी सेठी ने शैक्षणिक सत्र 2022-23 के दौरान सर्टिफिकेट ऑफ मैम्बरशीप एस. एन. एक्सिक्यूलिव मैम्बर ऑफ यूरोपियन इंस्टीच्यूट ऑफ अप्लाईड रिसर्च द्वारा सर्टिफिकेट ऑफ मैम्बरशीप प्राप्त किया।

**पुस्तकालय :-**

वर्तमान पुस्तकालय में 22,576 पुस्तकें U.G व P.G के लिए हैं। पुस्कालय में प्रति दिन 12 समाचार पत्र तथा 10 मासिक पत्रिकाएं मंगवाई जाती है। जिनसे सभी विद्यार्थी लाभान्वित होते हैं और इसके अतिरिक्त 40 विद्यार्थियों के बैठने के लिए वातानुकूलित वाचनालय भी है।

**आभार प्रदर्शन :-**

इस समारोह के अवसर पर मैं मुख्य अतिथि का पुन: आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होने महाविद्यालय के लिए अपना बहुमूल्य समय देकर हमें उत्साहित किया एवं विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार की ओर से माननीय प्रधान सचिव तथा महानिदेशक, उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ।

हिसार मण्डल के आयुक्त, उपायुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त, उपमण्डल अधिकारी, वरि ठ पुलिस अधीक्षक, नगर पालिका प्रधान तथा भवन, विद्युत के समस्त अभियन्तागण, एस.डी.ओ. तथा जे.ई. तथा समस्त मीडिया आभार के पात्र है।

प्रस्तुत वार्षिक प्रतिवेदन को तैयार करने का दायित्व कर्मठता से निभाने के लिए श्री कर्मबीर सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर तथा श्री शिव कुमार, स्टैनो का मैं आभार व्यक्त करता हूँ। महाविद्यालय के सभी सहयोगी प्राध्यापकवृंद तथा अन्य सभी कर्मचारियों का भी आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने अपने कर्त्तव्यों को पूर्ण निष्ठा से निभाया है। विद्यार्थियों ने अनुशासन में रहते हुए शिक्षा, सांस्कृतिक तथा खेल-कूद गतिविधियों में उपलब्धियां प्राप्त की हैं तथा महाविद्यालय के वातावरण को सौहार्दपूर्ण बनाए रखने में योगदान दिया है। अत: वे सभी बधाई के पात्र हैं।

अन्त में मैं उन सभी का धन्यवाद करता हूँ जिनके प्रत्यक्ष एवं परोक्ष सहयोग से यह महाविद्यालय निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। एक बार पुन: आज के समारोह के मुख्य अतिथि एवं उपस्थित महानुभावों का आभार प्रकट करता हूँ।